आर्योदय
ARYODAYE

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE
- VEDA

Aryodaye Weekly No. 274 | ARYA SABHA MAURITIUS | 9th Aug. to 25th Aug. 2013

Akélé mat khāo

Ne mangez jamais seul. Ayez l'esprit de partage.

Om ! Moghamanana vindaté aprachétāha, satyam bravimi vadha it sa tasya. Naryamanam pushyati no sakhāyam, kévalādho bhavati kévalāvi.

Rig. Véda 10/11/6

Glossaire / Shabdārtha

Aprachétāha - un escroc, une personne vile, malhonnête, égoïste et méchante, **Mogham** – inutile, **Anna** – les aliments, la nourriture, **Vindaté** – celui qui gagne et amasse, **Satyam bravimi** – à vrai dire, en vérité, je vous assure que, **Sa** - tous ces différents aliments, **Tasya** – pour cette personne, **Badha it** – cela va lui faire beaucoup de tort/de peine et va même ruiner la vie de celui qui est malhonnête et égoïste, **Na aryamanam pushyati** – celui qui ne fait jamais des prières, des yajnas et n'offre jamais des oblations de cette nourriture au feu sacré du yajna, **No sakhāyam** – celui qui ne partage jamais sa nourriture aux autres (amis, compagnons ou aux personnes malheureuses), **Kevalādho bhavati** – celui qui consomme la nourriture tout seul, sans partager aux autres, ne réussira jamais dans la vie et sera toujours malheureux. En ce faisant, il commet un péché impardonnable et court vers sa propre ruine car il attirera la malédiction du Seigneur.

Dans ce mantra/verset du Rig Véda le Seigneur nous conseille vivement de ne jamais être égoïste, d'avoir l'esprit de partage et de ne jamais manger seul. Il faut penser toujours aux autres, surtout aux pauvres et leur donner ce que l'on peut, car il y a dans notre pays des quartiers pauvres où il y a des milliers de personnes malheureuses et dans le besoin, et qu'elles arrivent difficilement à trouver les moyens de se procurer un seul repas par jour.

Il faut être toujours généreux envers ces personnes pauvres et démunies, et on doit gagner sa vie honnêtement, bien que l'on ne puisse accumuler des fortunes.

On doit aussi s'en remettre au Seigneur, être reconnaissant envers lui en priant, en pratiquant le yajna (Agni-Hotra, Balivaishwa Dev Yajna) et en offrant des oblations au feu sacré du yajna.

Les gens, qui s'enrichissent par des moyens frauduleux et amassent entre autres de l'argent, des marchandises et des denrées alimentaires, ne seront jamais heureux.

Leur richesse mal acquise les entrainera vers leur propre ruine et la mort. Ces hommes vils deviennent égoïstes et méchants. Ils vivent dans l'opulence et mènent une vie sensuelle. Ils ne savent guère ce que subissent les gens pauvres.

Il y a l'absence totale des valeurs humaines et l'esprit de partage parmi eux. Ils consomment leur nourriture seul, sans donner aux pauvres ou à leurs compagnons. Ils vivent comme des animaux et ne pensent qu'à soi-même. Ils ne rendent jamais grâce au Seigneur.

Sans nul doute, par leur comportement et leurs actes répréhensibles de tels gens commettent des péchés impardonnables. Ils s'attirent les pires ennuis voire la malédiction et le châtiment du Seigneur. Ils ne seront jamais heureux dans la vie.

A ce sujet le Seigneur nous rappelle ceci. Seule la richesse ou la nourriture acquise par des moyens honnêtes et une attitude magnanime de notre part peuvent apporter le salut de notre corps, de notre âme et de notre esprit.

N. Ghoorah

DONATING FOR A NOBLE CAUSE

Dr Oudaye Narain Gangoo,O.S.K.,Arya Ratna

The Arya Samaj is a respected organization in the social and cultural landscapes of Mauritius thanks to the selfless work performed by its members. This year the organization has reached the hundred and tenth year of its existence--another milestone in its history.

Ever since it opened its doors to date, a host of well wishers has come forward to offer their services on a voluntary basis in terms of time and energy. In so doing, they have contributed greatly towards the improvement of this noble society.

Many donors have generously gifted their property to the Arya Sabha Mauritius. Among them are Pandit Gayasing, Shri Bhola Master, Shri Panchoo Prasad, Shri Jadoonanun Balgobeen, Shrimati Rookmeen Ramdewar and others.

In the course of the last decade, the Arya Sabha has recorded the names of more donors on its list. While Shrimati L.P. Govinramen and Mr. Govinramen have donated vast portions of land to the Sabha. Shri Meghraz Goomany and Dr (Mrs) Hansa Gunesee have enabled the projects of the Sabha to reach completion by generously donating huge sums of money.

The Arya Sabha functions with a three-fold purpose as its objective in the propagation of Vedic teachings, dissemination of education and social work. So as to carry out its work, the Sabha needs funds.

PROPAGATION OF VEDAS

A number of pandits and panditas have as their life mission the teaching of Vedas. Some of them are working full time while others do so, on a part time basis. A few persons are even working voluntarily. The propagation of the Vedas enables the Arya Sabha to do its best to maintain righteousness, virtue and peace throughout Mauritius. To carry out its religious activities, huge sums of money are spent erecting Arya Mandirs and in the renovation of existing infrastructure.

The religious subsidiary obtained from government for the propagation of Dharma is insufficient to meet the expenses involved in Vedic propagation. As such, the success in this field depends on generous donors who from time to time help the Sabha financially.

cont. on pg 2

सम्पादकीय

भौतिक सुख-भोगी मनुष्य

संसार का सर्वोत्तम प्राणी मनुष्य है। वह अपने बौद्धिक सोच-विचारों तथा ज्ञान-विज्ञान के बल पर सांसारिक-सुख भोगने का अधिकारी माना जाता है। अपने विद्या-बल द्वारा विश्व में भारी परिवर्तन ला रहा है। पृथ्वी पर इंसान नहीं होता तो दुनिया का रूप ही कुछ और होता, क्योंकि उसके अलावा जगत् में अपनी बौद्धिक-शक्ति को विकसित करने वाला दूसरा जीव नहीं।

मानव मननशील और बुद्धिमान होता है। वह कर्मयोगी बनकर जीने वाला प्राणी होता है। एक कर्मयोगी व्यक्ति निष्काम कर्म करता हुआ अपना जीवन व्यतीत करता जाता है। वह अपने कर्मानुसार संसार में आता है और कर्मानुसार फल भोगकर संसार से बिदा हो जाता है।

इंसान तो विभिन्न रंग-रूप, आचार-विचार और गुण-कर्म वाले होते हैं। कोई कर्म-भोगी होते हैं तो कोई त्याग-मार्गी। कर्म-भोगी सदा वर्तमान में जीना चाहते हैं। उन्हें भविष्य की कोई चिन्ता नहीं। वे भोग-मार्ग का उपासक बनकर वर्तमान के भोग विलास में डूबे रहते हैं। वे भूल जाते हैं कि विश्व का सम्पूर्ण भोग्य पदार्थ परमात्मा का है। यह वैभव उसी का है। वे इतना भी ख्याल नहीं करते हैं कि जो सारे पदार्थ हमें प्राप्त हुए हैं, वे एक दिन हम से छूट जाएँगे। अतः इन्हें त्याग पूर्वक उपभोग करना चाहिए।

दूसरे प्रकार के जीव त्याग-मार्गी होते हैं, वे वर्तमानकाल में रहकर भविष्य के लिए भी सोचते हैं। उन्हें वर्तमान का तो ख्याल ही नहीं होता, उन्हें भविष्य की चिन्ता होती है। वे उज्ज्वल भविष्य के लिए वर्तमान सुख-भोगों का तिरस्कार करते हैं। त्याग-मार्ग के उपासक यह जानते हैं कि संसार का प्रारम्भ तो भोग है, परन्तु उसका अन्त त्याग है। उन्हें यह ध्यान रहता है कि भोग भी त्याग के बिना भोगा नहीं जा सकता है। ऐसे व्यक्ति महामानव माने जाते हैं। उनके निधन होने के बाद भी संसार के लोग उनका गुणगान करते रहते हैं।

दुनिया में कितने लोग स्वार्थी होते हैं। वे अपने हित के लिए अन्यों का अहित करते रहते हैं। कई प्रकार के कुकर्मों द्वारा दूसरों को दुखित कर देते हैं, लेकिन अन्त में उन्हें कुछ लाभ नहीं होता है। वे भी पीड़ावस्था में दुख झेलते रहते हैं। जो निस्वार्थ और निष्काम भाव के आधार पर जीने वाले व्यक्ति होते हैं, वे स्वयं सुख, शान्ति और आनंद के भोगी होते हैं और परहित करके अन्यों को भी आनन्दित करते रहते हैं। ऐसे प्राणियों का सर्वत्र मान-सम्मान आदि होता रहता है। ईश्वर का आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त होता है।

इस भूलोक पर कई प्रकार के आदमी सदा दिखाई देते हैं। अनेक जीवधारी अपने उद्देश्य के साथ जीते हैं। अपनी लक्ष्य-पूर्ति निमित्त सदा संघर्ष करते हैं। कितने लोग संघर्ष करना पसंद नहीं करते हैं। थोड़ी सी कठिनाई आने पर त्यागमार्ग छोड़ देते हैं। असंख्य प्राणी अपनी दुखद परिस्थितियों में इतने उलझे हुए दिखाई देते हैं कि सदा लाचार और विवश नज़र आते हैं। कई नासमझ इंसान भौतिकवादी के फंदे में फँस कर शैतानी भी करते हैं, और बहुत से सज्जन सत्यवादी, धर्मात्मा, परोपकारी, त्यागी, सेवी और हितैषी भी हैं।

आधुनिक युग में अधिकतर लोग सांसारिक भोग-विलास में लिप्त हैं। वे मृत्यु की दहलीज़ में खड़े हैं, मगर उन्हें भौतिक भोग की तृष्णा है। उनकी स्थिति ऐसी है, जैसे साँप के मुँह में मेंढक, जो चन्द घड़ियों का मेहमान है, पर कीड़े-मकोड़े आदि खाने के लिए अपना मुँह बाये किया हुआ है।

विश्व में वे प्राणी बड़े चतुर होते हैं, जो सांसारिक सुख भोगों का भोग करते हुए आध्यात्मिक सुख एवं परमानन्द के अधिकारी बनकर अपना जीवन व्यतीत करते हैं। ऐसे ही प्राणियों के कर्मों से समस्त जनों को लाभ होता है।

यह सदा ध्यान रहे कि मानव जन्म केवल भौतिक भोग के लिए नहीं हुआ है, अपितु आध्यात्मिक सुख, शान्ति और आनन्द प्राप्त करके मोक्ष की ओर अग्रसर होना मानवीय उद्देश्य है। हम सभी आर्य जनों को भौतिक बन्धन से छूट कर मोक्ष-प्राप्ति का प्रयत्न करना है, तभी हम सच्चे आर्य कहलाने के योग्य होंगे।

बालचन्द तानाकूर

DONATING FOR A NOBLE CAUSE

Dr Oudaye Narain Gangoo,O.S.K.,Arya Ratna

cont. from pg 1

DISSEMINATION OF EDUCATION

The Arya Sabha lays much emphasis on the dissemination of education at all levels: primary, secondary and tertiary. For this, the Sabha needs the appropriate infrastructure. Hence, it spends a lot on building schools and colleges. Much money has been invested in the construction of L'Aventure and the Vacoas Aryan Vedic Schools, the Morcellement D.A.V College and the Pailles D.A.V Degree College.

A few years back, Shri Maigraj Goomany personally met the expenses of a storey on the roof of the Soulliac Arya Bhavan. Classes in music and computer studies are held there.

THE D.A.V DEGREE COLLEGE

The D.A.V Degree College opened its doors in 2007. Year by year the college population has been increasing. Consequently the need for more classrooms has arisen. Thanks to the generous donation of Dr (Mrs) Hansa Gunesee a two-storeyed building was constructed and named after her.

Some needy students are awarded scholarships to pursue their studies at this level. Mr. Bissessur Rakal, Mr. Shavji Vaghela, Dr (Mrs) Hansa Gunesee, Mr Maigraj Goomany and Mr and Mrs Dharmaraj Jeetun have come forward to help some of them.

On Sunday 4 August 2013, a function was held at the seat of the Ramawatar Mohith Hall to mark the Birth Centenary Celebration of the late Shri Jaskaran Mohith. On that occasion Mr and Mrs Dharmaraj Jeetun made a donation of Rs.250, 000/- (two hundred and fifty thousand rupees). The D.A.V Degree College will keep the sum in a fixed deposit. The interest derived there from will be used to offer a scholarship to another deserving student who does not have the means to meet the financial expenses.

Dr Jhummon has in recent past donated a good number of books to equip the library of the D.A.V Degree College named after his mother, Mrs Koolwatee Jhummon, who donated two hundred and ten thousand rupees a couple years ago.

Mr. Deopal Cowreea also kindly donated books on Management and other materials which amount to not less than fifty thousand rupees.

The D.A.V Degree College has a well- equipped computer lab which bears the name of Shri Savji Sunderji Vaghela, who generously donated the sum of five hundred thousand rupees for that purpose. On the other hand, Professor S.Jugessur has kept a fixed deposit in the fund of the Sabha on condition that the interest received there from be used to offer a shield to the best student in M.A Hindi on the occasion of the annual graduation ceremony.

SOCIAL WORK

The Arya Sabha is actually running five care homes which cater to the needs of both young and old. Many people provide the financial assistance necessary for their smooth running. On Sunday 4 August a "Yajna" was organized at the 'Chiranjeeva Bhardwaj Ashram' in connection with "Shravani Maas". On that occasion a brand new Toyota Car of seven seats was donated generously to the Manager of "Dr Chiranjeeva Bhardwaj Ashram" again thanks to the kindness of Dr (Mrs) Hansa Gunesee and her spirit of dedication to the mission of the Arya Samaj.

Here, it must be added that previously the sick inmates of this Ashram had to be taken to Flacq Hospital by taxi. Dr (Mrs) Hansa Gunesee donated this new car at the request of some well wishers.

It is our duty to express our grateful thanks to all those donors who are helping us in our endeavour. We pray the Almighty to bless them and grant them good health and a life filled with satisfaction and happiness.

Om

In the context of the Purnahutee of the Shrawani Mahotsav

The President & Members of
ARYA SABHA MAURITIUS
in collaboration with
Plaine Wilhems Arya Zila Parishad
cordially invite you to attend a

Bahukundiya Yajna

Venue : Ollier Arya Samaj, Quatre Bornes.
Date : Sunday 25th August 2013.
Time : 2.30 p.m. to 4.30 p.m.
Programme : Yajna,Yajna- Prarthna, Sandesh, Bhajan-Kirtan, Vote of thanks & Shanti Path.
Various eminent personalities will grace the function by their presence.
Your presence will be highly appreciated.

B. Tanakoor	H. Ramdhony	B. Jeewuth
President	*Secretary*	*Treasurer*

ओ३म्

आर्य पुरोहित मण्डल २०१३-२०१४

पूज्य स्वामी सोमानन्द जी - मार्ग दर्शक
मान्य-प्रधान – पं० माणिकचनद बुद्धु जी ।
प्रधान - पं० धर्मेन्द्र रिकाई जी ।
उप-प्रधान - पं० शिवशंकर रामखेलावन जी ।
मंत्री - पं० श्याम धनेश्वर दयबी जी ।
उप-मंत्री - पंडिता सत्यम चमन जी ।
उप-मंत्री - पं० मुखलाल लोकमान जी।
कोषाध्यक्ष - पं० सत्यानन्द फेकू जी ।
उप-कोषाध्यक्ष - पं० नारायण्दत्त दोमन जी ।
उप-कोषाध्यक्ष - पं० गुरुदेव चतुरी जी ।
पड़तालक - पं० जयचन्द ओकजी जी ।
पड़तालक - पंडिता विद्वन्ती जाहाल जी ।

पं० श्याम दयबू, मंत्री

वेद का अनुपम सन्देश

डा० माधुरी रामधारी

हिरण्यमयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये।।

प्रस्तुत मन्त्र में **'हिरण्यमयेन पात्रेण'** का अर्थ **'स्वर्णमय चमकीला पात्र'** है अर्थात् यह संसार जो भोग-विलास से भरा हुआ है, एक सुनहला पात्र है। इस सुनहले पात्र से **'सत्यस्यापिहितंमुखम्'** - सत्य का मुख ढका हुआ है, सत्य दिखाई नहीं देता। यही कारण है कि साधक ईश्वर से प्रार्थना करता है – **'तत्वं पूषन'** – हे परमात्मन्। तू मनुष्य को पुष्ट-परिपुष्ट करने वाला है। तू ही पूर्णता प्रदान करने वाला है, हमारे अधूरेपन को दूर करने वाला है। **'त्वं तत् अपावृणु'** - तू उस आवरण को हटा, उस ढक्कन को उठा। **'सत्यधर्मायदृष्टये'** – ताकि मैं सत्य धर्म के दर्शन कर सकूँ, ईश्वर के सच्चे स्वरूप को देख सकूँ।

इस भौतिक संसार में आकर मनुष्य ईश्वर के सत्यस्वरूप के दर्शन नहीं कर पाता, ईश्वर को देख नहीं पाता। इसका मूल कारण यह है कि मनुष्य की सारी इन्द्रियाँ : आँख, नाक, कान, मुख और स्पर्श सांसारिक सुखों में, आकर्षणों में फँसी रहती हैं। रस और गन्ध में इन्द्रियाँ इस प्रकार जकड़ी होती हैं कि यत्न-प्रयत्न करने पर भी वे विषयों में गढ़ी की गढ़ी रह जाती हैं।

संसार की चमक-दमक आँखों को चौंधिया देती है। चमकीले रंग आँखों को नित्य आकृष्ट करते हैं। संसार के तमाशे भी आँखों को लालायित करते हैं। टेलीविज़न के पर्दे के सामने भले ही आँखों की रोशनी क्षीण हो जाए, फिर भी आँखें पर्दे से हटने का नाम नहीं लेती हैं।

यह पूरा संसार बड़ा ही रसीला है। संसार के पदार्थों का रस मनुष्य को इतना प्रिय है कि वह सारा जीवन इन्हीं रसों का आस्वादन करता है। मनुष्य की नासिका बार-बार पदार्थों की सुगन्ध लेने पर भी, गन्ध-सुगन्ध का आनन्द उठाने के लिए उद्यत रहती है, मानो उसने कभी सुगन्ध ली ही न हो। मनुष्य की त्वचा अनगिनत बार स्पर्श-सुख की अनुमति करके भी, स्पर्श-सुख की वृत्ति से कभी थकती नहीं है। धरती से उठने का समय भी आ जाए फिर भी यह रसना रसों की लालसा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

धन, ज़मीन, जायदाद से भी मनुष्य का मन नहीं भरता। वह जितना भी नाम कमा ले, जितना भी यश पद-प्रतिष्ठा प्राप्त कर ले, फिर भी धन-ऐश्वर्य, यश-कीर्ति के प्रति व्यक्ति की आसक्ति बनी रहती है। इसी लगाव का परिणाम है कि व्यक्ति सत्य से कोसों दूर रह जाता है। वह ईश्वर के सत्यस्वरूप को देख नहीं पाता है।

यजुर्वेद के मन्त्र में साधक **'सत्यधर्मायदृष्टये'** कहकर सत्य धर्म के दर्शन करने की इच्छा प्रकट करता है। मनुष्य वैसे भी अक्सर सत्य की पहचान नहीं कर पाता है। मनुष्य सत्य की तलाश में भटकता रहता है। महर्षि दयानन्द कई वर्षों तक भटकने के उपरान्त अन्ततः गुरु के चरणों में सत्य के दर्शन कर पाए। महात्मा बुद्ध भी वर्षों की तपस्या के बाद ही सत्य का परिचय व निर्वाण का आनन्द प्राप्त कर पाए। संसार में माया का जंजाल इतना बड़ा है कि मनुष्य लगातार भ्रम में पड़कर सत्य की पहचान करने से चूक जाता है।

एक बार राजा जनक ने रात को नींद में एक सपना देखा कि वे भिखारी बन गए हैं। घर-घर भीख माँग रहे हैं और भूख से तड़प रहे हैं। कई घरों में याचना करने के बाद उन्हें थोड़ी दाल और थोड़ा सा चावल मिलता है। वे एक पेड़ के नीचे चूल्हा बनाकर दाल और चावल की खिचड़ी बनाते हैं। पकी खिचड़ी को थोड़ा ठण्डा करने के लिए वे उसे एक पत्ते पर डाल देते हैं। जैसे ही वे खिचड़ी खाने के लिए ज़मीन पर बैठते हैं, दो कुत्ते लड़ते हुए उधर आते हैं और खिचड़ी को मिट्टी में रौंद देते हैं। राजा जनक विलाप करने लगते हैं कि वे कैसे अपनी भूख मिटाएँगे, कैसे जीवित रह पाएँगे। इसी विलाप की अवस्था में राजा की नींद टूटती है। जब वे आँखें खोलते हैं तब देखते हैं कि वे भिखारी नहीं, अपितु राजा हैं। राजमहल में आराम से अपनी शय्या पर हैं और उनकी आज्ञा मानने के लिए उनके चारों और नौकर खड़े हुए हैं।

उस समय राज जनक के मन में प्रश्न उठा कि सत्य क्या है? उन्होंने जो स्वप्न में देखा वही, सत्य है या फिर जो नींद टूटने के बाद वे आँखों से देख रहे हैं, वह सत्य है? यह जानने के लिए राजा ने सभा बुलाई और हरेक से प्रश्न किया कि सत्य क्या है? एक मंत्री ने कहा, 'सच तो वह है, जो आपने सपने में देखा।' दूसरे ने कहा – 'सच तो वह है, जो राजा ने आँखें खुलने के बाद देखा।'

सभा में उपस्थित ऋषि अष्टाव्रक ने कहा – हे राजन, न आपका भिखारी होना सत्य है, नाहीं आपका राजा होना सत्य है। जो हम बन्द आँखों एवं खुली आँखों से देखते हैं, सब मिथ्या है। जो आज है, वह कल नहीं होगा। जो आज नहीं है, वह कल हो सकता है। सत्य तो वही है, जो आज और कल समान रूप से रहता है। जो सोने और जागने दोनों अवस्थाओं में समान रहता है, वही सत्य है और वह सत्य ईश्वर है। इसीलिए हे राजन, जो असत्य है, उस पर चिन्तन न करो। जो सत्य है, और शाश्वत है, उस पर ध्यान लगाओ और अपना उद्धार करो। ऋषि का कथन सुनकर राजा जनक समझ गए कि वे भ्रम में पड़कर विचलित हो गए थे।

यजुर्वेद के इस मन्त्र के माध्यम से साधक भी जानता है कि संसार में भ्रम का आवरण पड़ा हुआ है। व्यक्ति जिसे सत्य मानता है, वह सत्य नहीं है —बल्ब जलता है, यह सत्य नहीं । बल्ब के भीतर बिजली है, जलती रेलगाड़ी दौड़ती है, यह सत्य नहीं। रेलगाड़ी के भीतर इंजन दौड़ता है।

पैसे से सब मिलता है, यह सत्य नहीं,
पैसे अच्छा भाग्य नहीं खरीद सकता।
रात को चाँद प्रकाश देता है,यह सत्य नहीं,
प्रकाश सूर्य का होता है, जिसे चाँद करता है रिफ्लेक्ट।
सोने को पीतल और पीतल को सोना मानना है नादानी।
सत्य को असत्य और असत्य को सत्य मानना है नादानी।
पेड़-पौधों को हरे-भरे बनाने वाली है एक शक्ति
हवा को बहाने वाली है एक शक्ति
संसार को चलाने वाली है एक शक्ति
रिश्ते-नातों को बनाने वाली है एक शक्ति
मनुष्य को गहरी नींद से जगाने वाली है एक शक्ति
वह शक्ति सत्य है, वह शक्ति ईश्वर है
ईश्वर ही सत्य है, सत्य ही ईश्वर है।

इसीलिए मन्त्र में साधक कहता है – **'तत्वं पूषन'** - हे पूर्णता प्रदान करने वाले ईश्वर! **'त्वं तत् अपावृणु'** – तू उस अवरण को हटा, मेरी आँखों से भ्रम का पर्दा हटा। **'सत्यधर्माय दृष्टये'**, ताकि मैं सत्य के दर्शन कर सकूँ। ईश्वर के सच्चे स्वरूप को देख सकूँ।

यज्ञोपवीत

पंडित राजमन रामसाहा, आर्य भूषण

आज का समय कुछ इस तरह से चल रहा है कि हम सबको ग़लत होने की उचित मुहर देनी पड़ रही है। कोई अपने मन से सोने-जागने का स्वभाव बना चुका है, कोई अपने मनमानी ढंग से भोजन करते मुँह चलाता या कुछ करता रहता है, कोई स्वस्थ रहते हुए टट्टी दस बजे दिन में तो कभी रात के आठ बजे जाता है, हम सब ने इन सब बातों पर सही होने की मुहर लगा दी है।

सबको सहज ही में छूट है। किसी पर यह कहकर कि क्या करोगे? ऐसा ही उसका स्वभाव है, उससे दूसरे का क्या बिगड़ता है। प्रकृति बदली नहीं जाती। कितनों पर यह कहकर कि समय आएगा तो खुद सम्भल जाएगा। आदमी अपनी ज़रूरत पर सुधार चाहेगा तो लाएगा अन्यथा अरे मैं भी तो वैसे ही हूँ। मैं दूसरों को क्यों अनुचित बोलूँ।

याद रहे अनुचित हो जाने वाले ही उचित का ध्यान करते हैं। कारण वे ही लोग होते हुए अनुचित के परिणाम के फलों को अनुभव करते हैं। अनुचित हो जाने पर अपने बाल बच्चों को अनुचित बने न रहने देने की चिन्ता तो करनी ही चाहिए। यही तो मरने से पहले माता पिता का धर्म है।

सभी के दिल में बिगाड़ का घाव लगा है। सभी कँहर रहे हैं। वे चाहते हैं कि अपने जीवन में जिस वातावरण में जी कर वे मन में सबके लिए सम्भल रहे, उसी तरह इस विज्ञान के युग में उनके बच्चे मन मारके सम्भल रहे हैं। यह शायद हज़ारों में दो चार मिल जाएँगे, पर सब तो बहती धारा ही में बहते जाएँगे।

मोरीशस देश के लगभग बहुत से घरों में इन दिनों प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन में न कोई आचार धर्म रह गया है और न पारिवारिक रीत रिवाज़ ही। यहाँ पर आज़ाद - धर्म का सिद्धांत खूब जम कर लागू हो चला है। शायद सभी विश्व व्यापी मानव बनने के सूर में इस धारा से बह चले हैं। वे इसी को अपना जन्म सिद्ध अधिकार मानकर ऐसा करने में सिर ऊँचा किए होते हैं। अब हर कोई सुधार करने की कोई ज़रूरत न मानने का स्वभाव बनने लगा है। सभी हरेक की तक़दीर के जादू पर छोड़ने लगे हैं। पढ़ाई करने के लिए हर तरह की कोशिश करने पर भी जब व्यक्ति को पढ़ाई करना नहीं आया। तब तक़दीर की बात तो मान सकेंगे, पर कोई बिन पढ़ाई किए ही कोई डॉक्टर वकील बन गया हो, तो असंभव है।

जीवन में आप जो कुछ बनना चाहें उसके लिए आपको किसी तरह से मना नहीं हैं। पर अपने इस मानव समाज को अव्यवस्थित कर जाना भी तो धर्म नहीं होता। समाज को व्यवस्थित करने में हमारे बड़ों ने बच्चों के लिए यज्ञोपवीत संस्कार रखा है। इस संस्कार के साथ जीवन को अनुशासन से बाँधने का प्रयत्न किया जाता है। एक दो जनों ने यज्ञोपवीत लेना अपना खानदानी रिवाज़ बना लिया है समय के आने पर एक दो उसे खूँटे पर लटका कर मनमानी करने से चुकते नहीं। उन एक दो के लिए यज्ञोपवीत भी दिखावा बन जाता है। या वे उसे अपने खानदान का चिह्न बना चुके हैं।

सभी आर्य परिवारों के लिए मेरी यह सम्मति है कि आप सभी अपने बालकों को चौथी कक्षा में भेजने से पहले यज्ञोपवीत संस्कार अवश्य करावें। उस कच्ची उम्र में यज्ञोपवीत धारण करने के नियम पालन करने का अभ्यास दें। यज्ञोपवीत के नियम को पालन करने के ढंग से आपका परिवार एक दूसरे प्रकार से जीने लगेगा। आप बहुत तरह से असामाजिकता से दूर रहने लगेंगे। आपके बाल बच्चे आज ही हवा से कुछ बच पाएँगे।

यज्ञोपवीत से सत्य बने रहने, यथा सम्भव संयम नियम वाला बने रहने और सत्संग को मनोरंजन का साधन मानने वाला मनुष्य बन पाता है। पढ़ाई-लिखाई करने रहने का स्वभाव देता है । ब्रह्मचर्य, योग, मन्दिर, यज्ञ हवनों से दिलचस्पी दिलाता है।

बालक शुरू-शुरू में सभी नियमों में तो आ नहीं पाएगा। आख़िर बच्चा तो बच्चा ही होता है। पर माँ बाप के सावधान रहने से बच्चा धीरे धीरे यज्ञोपवीत का सम्मान अपने चरित्र को सुचरित्र बनाकर करने लगेगा। मूल में इस संस्कार के नियमों के पालन कराने से आज की बहती हवा के झोंकों से बच्चों को बचाया जाना सम्भव हो सकता है। इसमें भी कितने यज्ञोपवीत लेने का नाटक करने वाले ग़लत बने रहने का खेल करने वाले बन सकते हैं। कुछ लोगों के लिए पुण्य की आड़ में ही पाप पलता है। इसके कारण पुण्य करना तो छोड़ा नहीं जाना चाहिए।

श्री देवराज रामानायक जी अब न रहे

पं० जयचन्द ओखजी

श्रीदेवराज जी जो दयानंद नाम से ज़्यादा जाने जाते थे, रविवार ता० ९ जून २०१३ को चल बसे।उनकी अंत्येष्टि सोमवार १० जून को की गई। वे मोंगू पांप्लेमूस के निवासी थे। उनका जन्म उसी गाँव में १९४५ में हुआ था और ६८ वर्ष की आयु में उन्हें परमात्मा ने बुला लिया। इस मृत्यु से उनके सभी करीबी लोगों को बहुत दुख पहुँचा है।

स्व० रामानायक बहुत बड़े विद्वान् तो नहीं थे, लेकिन बड़े समाज सेवक ज़रूर थे। प्राथमिक स्कूल की छठी कक्षा पास थे और धार्मिक पढ़ाई में वे विद्या रत्न उत्तीर्ण थे। वे हिन्दी बोल लेते थे और अँग्रेज़ी भी थोड़ी थोड़ी बोल सकते थे। वे मोंगू आर्य समाज शाखा नं० ५ के एक कर्मठ सदस्य थे और पिछले १० सालों से मंत्री पद संभाल रहे थे। आर्य समाज की बैठक में सालों से वे हिन्दी पढ़ा चुके हैं। प्रति रविवार को प्रधान श्री देवदत्त खीरोधर जी के साथ नियमित रूप से यज्ञ, भजन, सत्संग करते थे। उत्तर प्रान्त में जितने बड़े बड़े कार्य होते थे, वे ज़रूर अपना सहयोग देते थे। परमात्मा उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और उनके परिवार को धैर्य।

आहार और व्यवहार

आचार्य सतीश बितुला, शास्त्री, आर्य

ओ३म् अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्य न मीवस्य शुष्मिणः ।
प्र प्रदातारं तारिषऽ ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे ।।

यजु० ११-२३

वेद अनुकूल प्रचार-प्रसार कार्यों को महर्षि दयानन्द द्वारा स्थापित आर्य समाज संस्था १३८ वर्षों से करती आ रही है। मॉरीशस देश के वाक्वा नगर में स्वर्गीय पंडित काशीनाथ किश्तो जी द्वारा स्थापित आर्य समाज, जो आर्यन वैदिक पाठशाला नाम से प्रसिद्ध है, उपरोक्त कार्यों में सन् १९१३ से अपना योगदान देता आ रहा है। सौ वर्ष पर्यन्त आर्य समाज वाक्वा के वेद प्रचार-प्रसार कार्य हेतु बधाई के साथ साधुवाद प्रस्तुत करता हूँ ।

प्रस्तुत मन्त्र ने आहार-व्यवहार का वैदिक मार्ग दिखाया है। आहार का अर्थ हुआ – मनुष्यों का सात्त्विक भोजन और व्यवहार का अर्थ हुआ – सभ्य जीवन। भोजन से तन स्वस्थ और सभ्य जीवन से मन शान्त रहता है। स्वस्थ तन व शान्त मन ही है जन का सर्वोत्तम धन। आहार को सभ्य भाव से पकाना व भक्षण करना उत्तम व्यवहार कहा जाता है। हमारा यह व्यवहार सबसे पहले अग्नि देव व लक्ष्मी देवी के प्रति होना चाहिए, कारण यह है कि मात्र मनुष्यों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे भोजन पकाकर खायें, अन्य प्राणी भोजन पकाकर नहीं खाते हैं। मनुष्य जिस अग्नि पर भोजन पकाते हैं, उनके प्रति हमारा व्यवहार बहुत असभ्य होता जा रहा है। हम शाकाहारी भोजन के स्थान पर मांसाहारी भोजन पकाते हैं। जिससे अग्नि देव व लक्ष्मी माता प्रतिदिन हमारे इस असभ्य व्यवहार को, विशेषकर सन्ध्या के समय, दुखी होकर सहन करती जा रही है।

स्वस्थ शरीर का आधार है शास्त्र, जो हमको शान्ति देता है। हम असभ्यता से शरीर के शान्ति-शास्त्र को छोड़कर शराब सेवन से शान्ति पाना चाहते हैं। हम गौ पालन करते हैं दूध के लिए; जब दूध मिलता है तब दूध बेचकर दूध के धन से शराब सेवन करके तन को अस्वस्थ कर देते हैं। कितना असभ्य व्यवहार हुआ, दूध के पैसे से शराब पीना! हमें प्रतिदिन दूध पीना चाहिए, हम असभ्य व्यवहार से दूध में भंग मिलाकर होली के दिन पीते हैं और परिणाम यह होता है कि इस बहुजातीय देश में हम एक उपहास बन जाते हैं। हमें प्रतिदिन दूध में हल्दी मिलाकर पीना चाहिए, इससे हमारी हड्डी शक्तिशाली बनती जाती है। हमारी हड्डी को calcium चाहिए जो दूध से मिलता है, हम जीवित अवस्था में शराब पीकर हड्डी को शक्तिहीन बना देते हैं, और जब मृत्यु हो जाती है तब शव के दाह-संस्कार के पश्चात् श्मशान पर दूध ले जाकर अस्थि (हड्डी) चयन करते हैं। हाय रे पढ़े-लिखे भोले जन!

किसान मिट्टी तैयार करके सब्ज़ी बोता है, बहुत परिश्रम करता है, जब सब्ज़ी तैयार हो जाती है तब बेचकर उस पैसे से मांस खरीदकर खाता है। जिस मिट्टी ने उन्हें सात्त्विक अन्न दिया, उन्होंने सात्त्विक अन्न के धन से तामसिक भोजन करके धरती के प्रति असभ्य व्यवहार किया। वेद कहता है माता भूमि पुत्रोहम पृथिव्या अर्थात् भूमि मेरी माँ है मैं पृथ्वी का बेटा हूँ। हाय रे ऐसी सन्तान जो असभ्य व्यवहार से धरती माँ का अपमान करती है। परमात्मा की वाणी वेद मन्त्र उच्चारण के लिए हमारा मुख बहुत स्वच्छ होना चाहिए, जिससे मन्त्रों द्वारा यज्ञ हो और यज्ञ का धुवाँ बादल बनकर बरसे, व पेड़-पौधे खिले रहे। हम अपने मुख से सिगरेट का धुवाँ न फैलायें। एक व्यक्ति की लम्बाई पाँच फुट – पाँच इंच हो अर्थात् ५५ इंच के एक व्यक्ति को चार इंच की एक सिगरेट निगलती जा रही है। हाय रे मनुष्य तेरा यह असभ्य व्यवहार !

विवाह संस्कार के लिए एक वर्ग बोलता है मैं पौराणिक हूँ, एक कहता मैं वैदिक हूँ। पौराणिक शुक्रवार को कथा, वैदिक महायज्ञ करता है, पौराणिक शनिवार को तिलक, वैदिक समावर्तन करता है, पौराणिक रविवार को द्वार पूजा, वैदिक दुमेला करता है। हम शुक्रवार-शनिवार और रविवार को पौराणिक एवं वैदिक होते हैं, सोमवार को राक्षस भोजन के लिए न कोई पौराणिक न वैदिक होता है। माथे पर तिलक लगाने के लिए भी पौराणिक रंग अलग, वैदिक का रंग अलग होता है, जबकि माथे पर अलग-अलग रंग का तिलक लेकर बाराती एक रंग की शराब साथ में पीते हैं। कितना असभ्य व्यवहार है। शास्त्र कहता है आहार शुद्धौ बुद्धि शुद्धि, बुद्धि शुद्धौ ध्रुवा स्मृति। शास्त्र विचार व्यवहार में तब आएगा जब भोजन वेद अनुसार होगा। हम सब ओ३म् नाम उच्चारण करके यज्ञ व धार्मिक कार्य करते हैं। हम मनुष्यों के कान, नाक, आँख, मल, मूत्र पसीने से दुर्गंध ही निकलती है, मात्र हमारे मुख से परमात्मा का मुख्य नाम ओ३म् उच्चारण होता है। हमारा यह परम धर्म बनता है कि हम अपने मुख को पवित्र रखें जिससे गर्व के साथ ओ३म् नाम उच्चारण हो। जिसकी सिद्धि सात्त्विक शाकाहारी आहार से होगी और निःसंदेह उत्तम व्यवहार ही होगा।

आचार्य आर्य नरेश जी का आशीर्वाद

सोनालाल नेमधारी, कारोलिन

कारोलिन आर्य समाज मंदिर में श्रावणी उपाकर्म महोत्सव मनाया गया। दो अगस्त २०१३ को शाम तीन बजे पंडित सुमनदेव सुखनोथ और पंडित लीलकंठ द्वारा यज्ञ सम्पन्न हुआ। ठीक चार बजे आचार्य आर्य नरेश जी का आगमन हुआ। मंदिर भरा हुआ था। शान्त वातावरण था। आचार्य जी ने बताया – लगभग दो अरब वर्षों से वेद हमारे पास है। वैदिक समाज हमारे हाथ में है। राम कृष्ण की सही पहचान बतायी। राधा का नाम समाज में बाधा उत्पन्न करता है। राधा श्री कृष्ण की मामी लगती थी। सरल भाषा में स्पष्ट शब्दों में लोगों को सम्बोधित किया। सी.डी. से यह जानकारी मिली कि यज्ञ का सही रूप क्या है। इससे क्या-क्या लाभ होते हैं। सच्ची पूजा भगवान का यज्ञ-हवन ही है। ऐसा लगा कि समाज के लोगों से पुरानी जान-पहचान है। उन्होंने कहा बैठक को और बड़ा बनाओ। बाल-बच्चे क्या कर रहे हैं? सही परामर्श भी दिये। ठीक पाँच बजे उनका भाषण पूरा हुआ। समाज के एक सदस्य के यहाँ ध्यान लगाया। सवा ६.०० बजे भोजन किया। अपना भोजन लेकर आये थे। फल, लाल चीनी और घी का प्रबन्ध किया गया था। बच्चों से भी प्रश्न किये। सही उत्तर नहीं मिल पाए। कहा कि घरों में सभी समाजों के साथ महर्षि दयानन्द का और अन्य धार्मिक जनों के चित्र होने चाहिए। संध्या हवन पर विशेष ज़ोर दिया। लगता है वर्तमान आर्य समाज में पैसे और आचार्यों की आवश्यकता है। उनका कहना है, सत्संग आर्य समाज के भवन में ही होता है। अन्य मंदिर या सभाओं में बिल्कुल सही ढंग से सत्संग नहीं होता है। समाज में लोगों में क्रान्ति उत्पन्न करने वाले आचार्य हैं। वे एक पल भी व्यर्थ नहीं जाने देते हैं। उनका आशीर्वाद हमें मिला और मिलता रहेगा।

Rakshā Bandhan

Bonds of Love & Affection

Sookraj Bissessur

'Rākhi' – threads being sold everywhere along the streets and in shops, is the very sign that the festival of 'Rakshā Bandhan' is fast approaching.

Trend or Tradition

'Rakshā' signifies protection while 'Bandhan' means bond. In short, this festival, which has now attained an international dimension, is being celebrated in all parts of the world, including Mauritius. It is all about the 'bond of protection' – that is a solemn occasion when all brothers enter into such bond with their sisters. This is symbolised and epitomized by a 'Rākhi' – a simple thread which is tied around the right wrist of the brother. However, it does not need to be anything too expensive. What matters is the tie of love, care, devotion and affection related to this ritual.

Social Binding

At times, when some brothers do not hesitate to harm their sisters or molest them, the 'Rakshā Bandhan' festival is most welcome as a reminder of the sacredness of relationship between brothers and sisters. One should always keep in mind that the 'Rakshā Bandhan' – is not merely a one-day celebration. On the contrary, it is a life-long undertaking by the brother to protect his sister, even at the cost of his own life. In return, the sister shows her respect, love, devotion and affection to the brother and prays for his well-being.

In fact, 'Rakshā Bandhan' is the opportunity for all brothers to reassure their love for their sisters. The brother and sister relationship – is not always an ideal one though, of course, siblings do have huge fun together -- younger ones play together, others do share similar interests and hobbies or confide to each other and entertain mutual trust. None the less, sibling fights, competition and jealousies are very common. The tiny and ephemeral rivalry between brothers and sisters is quite normal. Because they are genetically different, and also because they have different temperaments and characters. Siblings are eventually bound to fight whenever the conditions (directly or indirectly) prevailing around, put them in a position of competition against each other and bring out their differences.

Apart from honouring fraternal bonds – "Rakshā Bandhan" also brings joy and strengthens relationship. 'Rākhi' as a custom – is also the cohesive element of the family. If the family as the basic unit of society is quite stable and sound, this aspect of unity, love, caring and sharing reflects upon the society.

Although tradition is hard to preserve in our modern world, this one has stood the test of time and has survived and has even transcended the very confines of the entire family. Many girls and women now tie the specially decorated threads to men not related to them but whom they consider and respect as brothers. Offering a gift remains a fascinating and pleasant gesture to show to someone you consider as a brother or a sister, how much you care for him or her.

वाणी 'एक दिव्य गुण'

श्रीमती भगवन्ती घूरा

वाणी एक दिव्य गुण और आत्मा की शक्ति है जिसके द्वारा प्राणी अपने विचारों को अभिव्यक्त करता है। आदि काल से ज्ञान को प्रकाशित करने का एक साधन वाणी है। वाणी की उपयोगिता ही से जीवन को सफल बनाये हुए हैं। वाणी एक निजी अमानत है जिसका हम तुरन्त परिस्थिति अनुकूल प्रयोग कर सकते हैं।

मानव एक सामाजिक प्राणी है। अपने समाज में विचार आदान-प्रदान करने के लिए ठोस, सत्य, सुगम तथा प्रभावशाली वाणी अनिवार्य होती है। हर वक्त कोई भी आन्दोलन को बुलंद करने के लिए आवाज़ उठानी पड़ती है। वाणी सदा हथियार का काम करती है। किसी भी हथियार के दो पक्ष होना स्वाभाविक है। इस तरह से वाणी के प्रयोग से हो परिणाम होते हैं।

जहाँ वाणी का सदुपयोग होता है वहाँ शान्ति फैलती है। लोगों में अपनापन और भाईचारा उभरता है। मधुर मीठी सत्य वाणी सबके प्रिय लगती है। आगे बढ़ने का साहस देती है। वाणी संगठन का आधार है। जहाँ वाणी का दुरुपयोग होता है, वहाँ सब लोग विचलित और दुखी रहते हैं। दूरियाँ बढ़ती है और वाणी की शक्ति क्षीण पड़ जाती है। कठोर कटु मिथ्या वाणी हीन भावना प्रकट कराती। एक कहावत है 'गोली और बोली मौसेरे भाई' और यह भी मशहूर है कि तलवार का घाव दिखता है और मिट भी जाता है लेकिन कठोर वाणी का घाव न दिखता है न मिटता है। गोली लगने से चोट पहुँचाती है, लेकिन गोली निकल जाती है। चोट ठीक होती है लेकिन बोली की छाप दिल और दिमाग़ में पड़ी रहती है। कठोर वाणी छुरी का काम करती है। ऐसी स्थितियों से परे रहना मानव का कर्तव्य बनता है। वाणी के दुरुपयोग से दुष्परिणाम निश्चित है।

मनोवृत्ति का अस्थिर होना स्वभाविक है लेकिन मानसिक बल का स्थिर होना अनिवार्य है। मानव शीघ्रता से काल और परिस्थिति से प्रभावित हो जाता और वाणी की शक्ति भी उतेजित करता है ऐसे में मानव को विवेक, क्षमता और धीरता से सामान्य स्थिति बना सकता है। वाणी के सदुपयोग ही से मानव की अन्तरात्मा मधुर आनंदित और संतुष्ट होती है।

इन बातों का वाणी जैसी अनमोल शक्ति को सदैव क़ायम रखना चाहिए। इस संघर्षपूर्ण जीवन के कल्याण निमित्त वेद पढ़ना और पढ़ाना, सुनना और सुनाना जैसे आदेश का पालन करके वाणी की उपयोगिता को प्रशस्त बनावें।

वाणी है अनमोल हमें रखना है सदा
इसका मान।
मुख में होता है इसका वास सुनाती है
दिल और दिमाग़ की आवाज़।
युग-युग से जन-जन में हुआ ज्ञान का
संचार वाणी द्वारा होता रहा उपकार।
पल पल से आगे बढ़ते जीवन का होता
रहा वाणी से भर पाई।
बचपन से वृद्धापन तक भिन्न भिन्न वाणी
से हुई सब की मेहरबानी ।
अन्य प्राणी का भी हुआ उठान, जब कि
वाणी है आत्मा की आवाज़।
विनती है कि वाणी सदा शान्ति प्रदान
करें जब कि शान्ति है सुख का धाम।

8 Types of Marriages (Manusmriti chap. 3/11-24)

Pt. Yaswantlall Chooromonay – Vedic Priest

1. BRAHMA VIVAH : Bride and groom happily accept to marry each other. Marriage is arranged by parents and performed according to prescribed rituals. Blessings are given. No dowry, of any kind, is offered.

2. DAIVA VIVAH : Choice of bride is done during prayer sessions with parents' consent. Bride and groom are happy to get married. All rituals are performed; blessings are given. No dowry is involved.

3. AARSHA VIVAH : Bride is offered to groom in exchange of specific objects such as land, cattle, money. Bride and groom love each other. Parents are involved, rituals are performed, blessings are given.

4. PRAJAPATYA VIVAH : Main objective is procreation. Bride and groom mutually accept to live together and cohabit. Rituals are performed with parents' consent. Blessings are offered.

5. AASUR VIVAH : Groom gets possession of bride after having given large amount of money to her parents or vice-versa. Parents are not involved in the rituals. At times no rituals are performed; no blessings are given.

6. GANDHARVA VIVAH : Boy and Girl live together as a result of love and lust. No religious marriage is performed. Parents' consent is not taken. This is a form of 'Love Marriage'.

7. RAKCHASS VIVAH : Girl is kidnapped or taken away by force or obtained as a gift after a victory. No mutual consent or love between the boy and the girl, no rituals exist. The girl is usually in a frightful state.

8. PAISHACH VIVAH : Girl is raped in a state of dizziness after drug consumption or during sleep. As a result, she is compelled to live with the raper. No rituals are performed.

Note :

(a) These 8 types of marriages are classified in order of their level and importance; the first one is the best type of marriage and the last one is the worst.

(b) Only the first four types of marriages are acceptable. The last four types are considered to be very bad. They should be avoided at any cost, as they do not fulfill the objectives of a married life.

(c) The relationship between husband and wife is the closest and most sacred one, as these two persons only are jointly responsible for the next generation.

(d) The type of marriage largely determines the intensity of closeness between husband and wife and this, in turn, influences the level of the generations to come.

(e) Before getting involved in marital life, it is advisable to seek pre-marital counseling from a learned and qualified person. Get informed about the objectives of a marriage.

(f) If you intend to get married, which type of marriage would you prefer? If you are already married, try to classify your marriage among the above 8 types.

(g) Bring adjustments to your married life so as to keep it always at a high level.

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
1, Maharshi Dayanand St,
Port Louis, Tel: 212-2730,
208-7504, Fax : 210-3778,
Email : aryamu@intnet.mu,
www.aryasabhamauritius.mu
प्रधान सम्पादकः डॉ० उदय नारायण गंगू,
पी.एच.डी.,ओ.एस.के,आर्य रत्न
सह सम्पादक : सत्यदेव प्रीतम,
बी.ए.,ओ.एस.के.,सी.एस.के.,आर्य रत्न
सम्पादक मण्डल :
(१) डॉ० जयचन्द लालबिहारी,*पी.एच.डी*
(२) श्री बालचन्द तानाकूर,*पी.एम.एस.एम,*
आर्य भूषण
(३) श्री नरेन्द्र घूरा,*पी.एम.एस.एम*
Printer : BAHADOOR PRINTING LTD.
Ave. St. Vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038

जो भी व्यक्ति इस महासम्मेलन में भाग लेना चाहें, वे शीघ्र से शीघ्र आर्यसभा के कार्यालय से पत्र या फोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें ।